आज (25 अगस्त 2021) के महत्वपूर्ण वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- **अभय कुमार सिंह** (2004-बैच बिहार कैडर के IAS अधिकारी) को पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा **सहकारिता मंत्रालय में संयुक्त सचिव** नियुक्त किया गया है।
- **कोपेनहेगन, डेनमार्क** को द्विवार्षिक रूप से जारी **सुरक्षित शहरों के इंडेक्स 2021** में 60 वैश्विक शहरों में से दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर चुना गया है।
- भारत-कजाकिस्तान संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास **KAZIND-21** का पांचवां संस्करण **30 अगस्त** से **11 सितंबर** तक कजाकिस्तान के आयशा बीबी में सैन्य कूटनीति के हिस्से के रूप में और कजाकिस्तान के साथ बढ़ते रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने हेतु आयोजित किया जाएगा।
- भारतीय नारीवादी लेखिका और प्रकाशक **रितु मेनन** ने अपनी नई किताब **'एड्रेस बुक: ए पब्लिशिंग मेमॉयर इन द टाइम ऑफ कोविड' का विमोचन किया है।**

- **विश्व जल सप्ताह** का **2021 संस्करण 23 से 27 अगस्त** तक पूरी तरह से डिजिटल प्रारूप में आयोजित किया गया। यहवैश्विक जल मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय विकास से संबंधित परेशानियों को दूर करने हेतु **स्टॉकहोम इंटरनेशनल वाटर इंस्टीट्यूट (SIWI)** द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है।
- **नीति आयोग** और **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय** ने **उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (NER) जिला SDG इंडेक्स रिपोर्ट और डैशबोर्ड 2021-22 का पहला संस्करण** लॉन्च किया।
- **नीति आयोग** और **विश्व संसाधन संस्थान (WRI), भारत** ने **NDC-ट्रांसपोर्ट इनिशिएटिव फॉर एशिया (NDC-TIA) परियोजना** के हिस्से के रूप में भारत में संयुक्त रूप से **'फोरम फॉर डीकार्बोनाइजिंग ट्रांसपोर्ट'** लॉन्च किया है।
- **मल्टी-मोड हैंड ग्रेनेड (MMHG)** का **पहला बैच नागपुर, महाराष्ट्र** में भारतीय सेना को सौंप दिया गया है।

- **'मिशन डोमिनेशन: एन अनफिनिश्ड क्वेस्ट'** शीर्षक से एक नई किताब अगस्त 2021 को जारी की गई है। पुस्तक के लेखक **बोरिया मजूमदार** और **कुषाण सरकार** हैं।
- **शिक्षा मंत्रालय** ने **एक वर्षीय नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 उपलब्धि पर पुस्तिका, शैक्षणिक कैलेंडर** और कुछ अन्य पहलों को लॉन्च किया है।
- अन्य पहल हैं:
  - **प्रिया: द एक्सेसिबिलिटी वॉरियर** -यह एक ई-कॉमिक कम एक्टिविटी बुक है।
  - **NIOS का वर्चुअल स्कूल:** इसे Ed4All और माइक्रोसॉफ्ट द्वारा NIOS के लिए उन्नत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया है।
  - **NIPUN भारत मिशन**
  - **विद्या प्रवेश:** यह कक्षा I के बच्चों के लिए 3 महीने का स्कूल तत्परता मॉड्यूल है।
- **विदेश मंत्रालय (MEA)** ने युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से अपने नागरिकों को निकालने के भारत के मिशन को **'ऑपरेशन देवी शक्ति'** नाम दिया है।
- पूर्व भारतीय फुटबॉलर, **ओ. चंद्रशेखरन (86 वर्षीय)** का कोच्चि में निधन हो गया।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- **असम सरकार** ने गुवाहाटी में असम सूक्ष्म वित्त प्रोत्साहन और राहत योजना 2021 के कार्यान्वयन हेतु **माइक्रोफाइनेंस संस्थानों** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **HDFC बैंक** ने पेमेंट गेटवे, पॉइंट ऑफ सेल मशीनों और क्रेडिट प्रोडक्ट्स में व्यापक सॉल्यूशन बनाने हेतु **पेटीएम** के साथ साझेदारी की है।

gradeup

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now